# जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक, महमूदाबाद सीतापुर

**समूह "क" (विभागाध्यक्ष), समूह "ख" (व्याख्याता, कृषि इंजी0) के पदों पर भर्ती हेतु मानक एवं अनुदेश (विस्तृत विवरण)**

प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत राज्य सरकार से सहायता प्राप्त संस्था, जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक, महमूदाबाद सीतापुर उत्तर प्रदेश में, लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर समूह "क" (विभागाध्यक्ष),समूह "ख" (व्याख्याता कृषि इंजी0) के निम्न विवरण के अनुसार नियमित रिक्त पदों पर भर्ती हेतु भारत के नागरिकों से इस विज्ञप्ति के द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र के साथ सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी द्वारा रू0 400=00 (रूपया चार सौ मात्र) तथा सभी वर्ग की महिलाओं, एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी द्वारा रू0 200=00 (रूपया दो सौ मात्र) का राष्ट्रीयकृत बैंक का ड्राफ्ट जो **"प्रधानाचार्य, जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक, महमूदाबाद सीतापुर"** के नाम देय हो संलग्न किया जायेगा। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर समस्त वांछित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों व ड्राफ्ट सहित एक बन्द लिफाफे में, जिसमें ऊपर स्पष्ट शब्दों में आवेदित पद का नाम, लिंग (पुरुष/महिला) तथा वर्ग (सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग) अंकित हो; स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक/स्वयं के माध्यम से **प्रधानाचार्य, जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक, महमूदाबाद सीतापुर–261203** के पते पर भेजा जाना है। संस्था कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि समाचार पत्रों में विज्ञापन की तिथि से 21 दिनों तक है। डाक अथवा अन्य प्रकार से उत्पन्न हुए विलम्ब के लिए संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। आयु की गणना भर्ती वर्ष 01–07–2023 के आधार पर की जायेगी।

| क्रम संख्या | समूह | पदनाम | वेतन बैण्ड, ग्रेड वेतन | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण एवं संख्या | | 01–07–2023 को आयु सीमा | सेवानियमावली एवं उसके पश्चात निर्गत शासनादेशों के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग | संख्या | | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | क | विभागाध्यक्ष सिविल इंजी0 | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल –13 क1 | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 28 वर्ष से अधिकतम 45 वर्ष तक | सुसंगत क्षेत्र में पी0एच0डी0 तथा सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी प्राविधिक शिक्षा/शोध/उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 12 वर्षों का अनुभव हो जिसमें से न्यूनतम व्याख्याता (चयन ग्रेड–एक) के स्तर पर कम से कम 02 वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव होगा।<br>**अथवा**<br>प्राविधिक शिक्षा/शोध/उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 15 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि जिसमें से व्याख्याता (चयन ग्रेड–दो) के स्तर पर कम से कम 03 वर्षों का अनुभव हो। |

C Bhati

उत्तम

कृ0प0उ0–2

| क्रम संख्या | समूह | पदनाम | वेतन बैण्ड, ग्रेड वेतन | रिक्त पदों का वर्गवार विवरण एवं संख्या | | 01–07–2023 को आयु सीमा | सेवानियमावली एवं उसके पश्चात निर्गत शासनादेशों के अनुसार अर्हतायें एवं अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | वर्ग | संख्या | | |
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 02 | क | विभागाध्यक्ष डेरी इंजी0 | प्रारम्भिक वेतन 1,31,400 लेवल –13 क1 | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 28 वर्ष से अधिकतम 45 वर्ष तक | सुसंगत क्षेत्र में पी0एच0डी0 तथा सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यकमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम श्रेणी प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 12 वर्षों का अनुभव हो जिसमें से न्यूनतम व्याख्याता (चयन ग्रेड–एक) के स्तर पर कम से कम 02 वर्ष का पश्च पी0एच0डी0 अनुभव होगा।<br>**अथवा**<br>प्राविधिक शिक्षा / शोध / उद्योग में उपाधि या डिप्लोमा स्तर पर अध्यापन में न्यूनतम 15 वर्षों के अनुभव के साथ सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यकमों की सूची में यथा प्रगणित) में स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि जिसमें से व्याख्याता (चयन ग्रेड–दो) के स्तर पर कम से कम 03 वर्षों का अनुभव हो। |
| 03 | ख | व्याख्याता कृषि इंजी0 | प्रारम्भिक वेतन 56,100 लेवल –09क एवं प्रारम्भिक वेतन 57,700 लेवल 10 अगला वेतन शासनादेशसंख्या–474 / सोलह–2–2020–138 (डब्लू) / 99, दिनांक 16–03–2020 में दिये गये उपबंध के अनुसार अनुमन्य है। | अनारक्षित | 01 | न्यूनतम 21 वर्ष से अधिकतम 40 वर्ष तक | **व्याख्याता (लेवल–9क, प्रविष्टि वेतन रू0–56,100 / –) की सीधी भर्ती के लिये**<br>अभियंत्रण / प्रौद्योगिकी सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यकमों की सूची में यथा प्रगणित) मे प्रथम श्रेणी के साथ बी0ई0 / बी0टेक0 / बी0एस0<br>**व्याख्याता (लेवल–10, प्रविष्टि वेतन रू0–57,700 / –) की सीधी भर्ती के लिये**<br>तकनीकी शाखओं के लिए चयन के समय में सुसंगत शाखा (ए0आई0सी0टी0ई0 द्वारा अनुमोदित डिप्लोमा पाठ्यकमों की सूची में यथा प्रगणित) मे स्नातक और स्नातकोत्तर की दो उपाधियों में से एक उपाधि में प्रथम श्रेणी। |

CPhath

कृ0प0उ0–3

आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट अनुमन्य है। उक्त पदों के लिये अतिरिक्त अधिमानी अर्हता – अन्य बातों के समान होने पर अधिमान दिया जायेगा। जिसमें –(1) प्रादेशिक सेवा में दो वर्ष की न्यूनतम अवधि तक सेवा की हो या (2) राष्ट्रीय कैडेट कोर का 'बी' प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो।

**सामान्य निर्देश–** (1) उपरोक्त पद भर्ती के संस्था में सहायता प्राप्त उ0प्र0 प्राविधिक शिक्षा संस्था विनियमावली, 1996 (अधिसूचना 14 जुलाई 1997); में निहित विनियम तथा इस हेतु अनुकम में समय–समय पर हुए संशोधन एवं शासनादेश पूर्णतः लागू होंगे।

(2) अभ्यर्थियों को भर्ती अथवा साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु कोई यात्रा भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

(3) अभ्यर्थियों को नियत प्रारूप पर आवेदन करना होगा। आवेदन का प्रारूप नीचे संलग्न है।

(4) अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के साथ समस्त शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियॉ संलग्न करनी होंगी तथा साक्षात्कार के समय समस्त मूल प्रमाण पत्र साथ में लाना होगा।

(5) सरकारी/अर्द्ध सरकारी विभागों/सार्वजनिक उपकमों में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा अपने विभाग को सूचना देते हुए आवेदन किया जा सकता है, परन्तु साक्षात्कार के समय विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(6) नियोक्ता द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र में वेतनमान/मानदेय का उल्लेख होना अनिवार्य है।

(7) अपने आवेदन पत्र के साथ रुपया 27/– का डाक टिकट लगा, स्वयं के पत्राचार का पता अंकित, लगभग (22X10सेमी) आकार के दो लिफाफे संलग्न करना अनिवार्य है।

(8) निर्धारित तिथि व समय के उपरान्त अथवा अपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा उन्हें निरस्त कर दिया जायेगा।

(9) उपरोक्त विज्ञापित पद पर भर्ती प्रकिया किसी भी स्तर पर बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

(11) प्रवक्ता कृषि इंजी0 के पद पर चयन की कार्यवाही लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी। चयन प्रकिया में लिखित परीक्षा हेतु 80 प्रतिशत और साक्षात्कार हेतु 20 प्रतिशत अधिमान होगा। लिखित परीक्षा में अर्ह अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार हेतु बुलाया जायेगा। लिखित परीक्षा का पाठ्यकम संस्था की वेबसाइट **www.jlnpmahmudabad.com** पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

**(12) जो अभ्यर्थी विभागाध्यक्ष सिविल इंजी0 पद के लिए पूर्व में आवेदन कर चुके हैं उन्हे पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।**

**(सी0 पी0 त्रिपाठी)**
प्रधानाचार्य

**(डॉ अम्मार रिज़वी)**
अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति